LOYOLA SCHOOL, BHUBANESWAR

Second Class Evaluation - November 2025

Class-VI **Subject- 2nd Lang (Hindi)** **F.M.20** **Time:40 min.**

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर यथासंभव हिंदी में लिखिए।

प्रत्येक व्यक्ति जीवन में हार-जीत, सफलता-असफलता, लाभ-हानि, यश-अपयश, मान-अपमान आदि से रू-ब-रू होता ही होता है। जीवन में कभी सुख के बाद दुख तो कभी दुख के बाद सुख भी आता है। यदि व्यक्ति का मन दुख और असफलता से निराश हो जाए तो वह उन्नति नहीं कर सकता क्योंकि किसी कार्य की सफलता में मन की सफलता की एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यदि प्रतिकूल स्थितियों में भी मन स्थिर रहता है तो स्थितियाँ अपने आप अनुकूल बन जाती है। इसलिए हमें कभी निराश होकर हार नहीं माननी चाहिए।

(i) व्यक्ति के जीवन में क्या-क्या होता रहता है ? [2]

(ii) जीवन में सुख के बाद और दुख के बाद क्या आने की संभावना बनी रहती है?
[2]

(iii) व्यक्ति कब उन्नति नहीं कर सकता?
[2]

2. निम्नलिखित तत्सम शब्दों के तद्भव रूप लिखिए।

[½x4=2]

उच्च, घृत, हस्त, धूम्र

3. निम्नलिखित शब्दों के <u>oes -oes</u> अनेकार्थी शब्द लिखिए।

[1x2=2]

घन, धर्म

4. नीचे दिए गए अवतरण को पढ़कर पूछे गए सवालों के जवाब यथासंभव अपने शब्दों में लिखिए।

" यह तो तुम उसे चकमा दो, जो कुछ जानता न हो ।"

(i) यह कथन किसने, किससे कहा? [2]

(ii) साइकिल से गिर जाने के बाद लेखक के सामने गंभीर प्रश्न क्या था?
[2]

(iii) साइकिल से गिरने का इलज़ाम लेखक ने किस पर लगाया और क्यों?
[3]

5. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए। [½ × 6=3]

बेबसी, प्रारब्ध, यत्न, उस्ताद, पेशगी, इलज़ाम

**********ALL THE BEST**********